Candidates must not write on this margin

CLASS TEST - 1 (MODEL ANSWER)

1. स्पष्ट कीजिए कि आचारनीति समाज और मानव का किस प्रकार भला करती है।

Explain how ethics contributes to social and human well-being.

(150 Words /10 Marks, , UPSC 2016)

नीतिशास्त्र क्या है? मानव-जीवन में इसकी भूमिका की विवेचना कीजिए।

What is ethics? Explain its role in human life.

(125 Words / 8 Marks, UPPCS 2019)

उत्तरः नीतिशास्त्र में कुछ मानकों या नैतिक मानदण्डों के आधार पर मानव के आचरण का मूल्यांकन एवं मार्गदर्शन किया जाता है। नीति शास्त्र निम्नलिखित प्रकार से मानव समाज का भला कर सकती है-

1. नीतिशास्त्र उचित एवं अनुचित के बीच विभेद का ज्ञान प्रदान करता है अर्थात् हमें जीवन में क्या करना चाहिए और क्या नहीं करना चाहिए- इसकी जानकारी प्रदान करता है।
2. नीतिशास्त्र जीवन में मूल्यों को बढ़ावा देने में सहायक है। साथ ही यह समाज में प्रचलित कुप्रवृत्तियों जैसे-भ्रूण हत्या, बाल विवाह, अंधविश्वास आदि को दूर कर सन्मार्ग पर बढ़ने की प्रेरणा देता है।
3. नीतिशास्त्र परम्परागत मान्यताओं का परिशोधन करता है। साथ ही उससे सम्बन्धित कानूनों के निर्माण में पथ-प्रदर्शक का काम करता है।
4. नीतिशास्त्र जीवन के विभिन्न क्षेत्रों-सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक, धार्मिक, पर्यावरणीय एवं प्रशासकीय आदि में नैतिक मूल्यों के समावेश की बात करता है और सम्बन्धित कर्मो के औचित्य एवं अनौचित्य का निर्धारण करता है।
5. नीति शास्त्र व्यक्तिगत हित एवं सामाजिक हित में सामंजस्य पर बल देता है और इस प्रकार सुखद मानवीय जीवन की स्थापना में सहायक है।
6. नीतिशास्त्र मानव जीवन का परिष्करण करता है, उसे गरिमापूर्ण एवं अर्थपूर्ण बनाता है। भारतीय नीति शास्त्र में यह संदेश है कि संसाररूपी रंगमंच पर हम सबको अपनी क्षमता और योग्यतानुसार सद्कर्मों का सम्पादन करना चाहिए, तभी जीवन में शांति और आनन्द की प्राप्ति होगी तथा उसकी सार्थकता स्थापित होगी।
7. नीतिशास्त्र समाज में भाईचारा, सौहार्द्र, सामुदायिक एकता, परस्पर मिल-जुलकर समस्याओं का समाधान आदि पर बल देता है।

KGS : 5th Floor, A13A, Graphix 1 Tower B, Sector 62, Noida, Uttar Pradesh-201309
Ph. No. : 8757354880